महिला स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/women-s-startup-summit-2019

चर्चा में क्यों?

महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केरल स्टार्टअप मिशन (Kerala Startup Mission- KSUM) 1 अगस्त को कोच्चि में महिला स्टार्टअप शिखर सम्मेलन (Women Startup Suummit) का आयोजन करेगा।

प्रमुख बिंदु:

- इस शिखर सम्मेलन का आयोजन KSUM द्वारा राष्ट्रीय महिला नेटवर्क (Indian Women Network) और भारतीय उद्योग परिसंघ (Confederation of Indian Industry-CII) के साथ मिलकर किया जाएगा।
- इस सम्मेलन की थीम "एक समावेशी उद्यमशीलता पारिस्थितिकी का विकास" (Developing an Inclusive Entrepreneurship Ecosystem) है।

women startup summit

- यह सम्मेलन महिला पेशेवरों, इच्छुक उद्यमियों, कॉर्पोरेट क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण महिलाओं और स्टार्टअप संस्थापको के लिये खुला होगा।
- महिला स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 2019 का उद्देश्य पेशेवर महिलाओं के अपने उद्यम को शुरू करने के लिये राज्य में एक समावेशी उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है।
- शी लव्स टेक (She Loves Tech) के तहत चयनित 20 महिला स्टार्टअप का प्रदर्शन भी सम्मेलन में किया जाएगा।

शी लव्स टेक (She Loves Tech) एक वैश्विक प्लेटफार्म है जो महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिये महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है।

स्रोत: द हिंदू बिज़नेस लाइन